# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th
Subject : Hindi
Chapter : 2
Chapter Name : दो गौरैया

Q1 पाठ से
(क) दोनों गौरैयों को पिताजी जब घर से बाहर निकालने की कोशिश कर रहे थे तो माँ क्यों मदद नहीं कर रही थी? बस, वह हँसती क्यों जा रही थी?
(ख) देखो जी, चिड़ियों को मत निकालो। माँ ने पिताजी से गंभीरता से क्यों कहा ?
(ग) "किसी को सचमुच बाहर निकालना हो तो उसका घर तोड़ देना चाहिए ," पिताजी ने गुस्से में ऐसा क्यों कहा ? क्या पिताजी के इस कथन से माँ सहमत थी ? क्या तुम सहमत हो? अगर नहीं तो क्यों ?
(घ) कमरे में फिर से शोर होने पर भी पिताजी अब की बार गौरैया की तरफ देखकर मुस्कराते क्यों हैं?

Answer.
(क) माँ नहीं चाहती थी कि गौरैयों का घर उजड़ जाए इसलिए वह पिताजी की मदद नहीं कर रही थी। पिताजी कभी ताली बजाकर, कभी शूशू- शू करके, कभी बाहें झुलाकर गौरैयों को उड़ा रहे थे। यह देखकर माँ हँसे जा रही थी।
(ख) माँ इस बात से चिंतित थी कि कहीं चिड़िया ने अंडे न दे दिए हो वरना बच्चों का क्या होगा। क्योंकि कोई भी माँ अपने बच्चों को तकलीफ़ में नहीं देख सकती। इसलिए माँ ने पिताजी को चिड़िया को निकालने से मना किया था।
(ग) चिड़िया के बार-बार घर में आने और तिनके गिराने के कारण पिताजी बहुत परेशान थे इसलिए उन्होंने ऐसा कहा। माँ को यह बात अच्छी नहीं लगी क्योंकि किसी को बाहर निकालने के लिए उसका घर तोड़ना गलत बात है। पिताजी की बात से हम सहमत नहीं है क्योंकि आज मनुष्य के ही कारण ये वृक्षों के स्थान पर घरों में घोंसलें बनाने को विवश हैं।
(घ) जब पिताजी घोंसला हटा रहे थे तब उसमे से चीं-चीं की आवाज़ आयी क्योंकि घोंसले में अब बच्चे थे। तभी पिताजी ने घोंसला वापस रख दिया क्योंकि पिताजी को भी बच्चों पर दया आ गयी थी। चिड़िया का बच्चों को दाना खिलाना पिताजी को अच्छा लग रहा था और उन्हें अब यह पता चल गया था की थोड़े दिन बाद चिड़िया खुद ही बच्चों को लेकर चली जाएगी। इस विहंगमय दृश्य को देखकर पिताजी मुस्कुरा रहे थे।

Page : 11 , Block Name : पाठ से

Q2 पशु-पक्षी और हम
कहानी के शुरू में कई पशु-पक्षियों की चर्चा की गई है। कहानी में वे ऐसे कुछ काम करते है जैसे मनुष्य करते हैं | उनको ढूंढ कर तालिका पूरी करो।
(क) पक्षी-
(ख) बूढा चूहा
(ग) बिल्ली
(घ) चमगादड़
(ङ) चीटियाँ

Answer.
क. पक्षी- घर का पता लिखवाकर लाये हैं।
ख. बूढ़ा चूहा- अंगीठी के पीछे बैठना पसंद करता था।
ग. बिल्ली- दूध पीने आया करती थी।

घ.  चमगादड़- कसरत किया करते थे।
ङ.  चीटियां- इनकी फौज ने छावनी डाल रखी थी।

Page : 12 , Block Name : पशु-पक्षी और हम

Q3 मल्हार
नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़ो-
" जब हम लोग नीचे उतर कर आए, तब वे फिर से मौजूद थी और मजे से बैठी मल्हार गा रही थी"
(क) अब तुम पता करो कि मल्हार क्या होता है? इस काम में तुम बड़ों की सहायता भी ले सकते हो।
(ख) बताओ कि क्या सचमुच चिड़ियाँ मल्हार गा सकती हैं?
(ग) बताओ की कहानी में चिड़ियों द्वारा मल्हार गाने की बात क्यों कही गई है?

Answer.
(क) मल्हार एक प्रकार का गीत है, जो सावन में गाया जाता है।
(ख) नहीं चिड़ियाँ मल्हार नहीं गा सकती हैं।
(ग) चिड़ियाँ चीं-चीं करके शोर मचाती रहती है, इसलिए कहा गया है कि ये मल्हार गा रही हैं।

Page : 12 , Block Name : मल्हार

Q4 पाठ से आगे
अलग अलग पक्षी अलग-अलग तरह से घोंसला बनाते हैं। तुम कुछ पक्षियों के घोंसले के चित्र इकट्ठा करके उसे अपनी कॉपी पर चिपकाकर शिक्षक को दिखाओं ।

Answer. छात्र स्वयं करें।

Page : 12 , Block Name : पाठ से आगे

Q5 अंदर आने के रास्ते
(क) पूरी कहानी में गोरैया, कहां-कहां से घर के अंदर घुसी थी? सूची बनाओ।
(ख) अब अपने घर के बारे में सोचो। तुम्हारे घर में यदि गोरैया आना चाहे तो वह कहां-कहां से अंदर घुस सकती है? इसे अपने शिक्षक को बताओ।

Answer.
(क) पूरी कहानी में गोरैया रोशनदान से, खिड़की से, छत से, दरवाजे से घर के अंदर घुसी थी
(ख) घर में यदि गोरैया आना चाहे तो वह खिड़कियों से, रोशनदान से अंदर आ सकती है |

Page : 12 , Block Name : अंदर आने के रास्ते

Q6 कहने का अंदाज़
"माँ <u>खिलखिलाकर</u> हँस दीं।" इस वाक्य में 'खिलखिलाकर' शब्द बता रहा है कि माँ कैसे हँसी थीं। इसी प्रकार नीचे दिए गए रेखांकित शब्दों पर भी ध्यान दो। इन शब्दों से एक-एक वाक्य बनाओ।
(क) पिताजी ने <u>झिड़ककर</u> कहा, "तू खड़ा क्या देख रहा है?"
(ख) "आज दरवाज़े बंद रखो," उन्होंने <u>हुक्म</u> दिया।

(ग) "देखो जी, चिड़ियों को मत निकालो," माँ ने अबकी बार गंभीरता से कहा।
(घ) "किसी को सचमुच बाहर निकालना हो, तो उसका घर तोड़ देना चाहिए," उन्होंने गुस्से में कहा।
तुम इनसे मिलते-जुलते कुछ और शब्द सोचो और उनका प्रयोग करते हुए कुछ वाक्य बनाओ।
संकेत –धीरे से, ज़ोर से, अटकते हुए, हकलाते हुए, फुसफुसाते हुए आदि।

Answer.
(क) झिड़ककर- वो कुते के सामने मेरा हाथ झिड़ककर भाग गया।
(ख) पिता जी के हुक्म ने मुझे डरा दिया था।
(ग) मैं हमेशा अपनी माँ की बात गंभीरता से सुनता हूँ।
(घ) मास्टर साहब कल गुस्से में थे।

Page : 13 , Block Name : कहने का अंदाज़

Q7 किससे-क्यों-कैसे
“पिताजी बोले, क्या मतलब? मैं कालीन बर्बाद करवा लूँ?” ऊपर दिए गए वाक्य पर ध्यान दो और बताओ कि-
(क) पिताजी ने यह बात किससे कही?
(ख) उन्होंने यह बात क्यों कही?
(ग) गोरैयों के आने से कालीन कैसे बर्बाद होता?

Answer.
(क) पिता जी ने यह बात माँ से कहीं जब वह गोरैयों को भगाने की कोशिश कर रहे थे।
(ख) उन्होंने ये बात इसीलिए कही क्योकि माँ ने उन्हें गोरैयों को भगाने से रोक रही थी, और उन्हें डर था कि अगर इन्हें नहीं भगाया गया तो कालीन गंदी हो जाएगी ।
(ग) गोरैयों के आने से कालीन बर्बाद हो जाता, क्योंकि वो साफ सफाई से तो रहने वाले थे नही, वहीं खाते, मल मूत्र करते, बाहर से आते तो कुछ ले कर आते उसके गिरने से घर पूरा गंदा होता।

Page : 13 , Block Name : किससे-क्यों-कैसे

Q8 सराय
पिताजी कहते हैं कि यह घर सराय बना हुआ है। ऊपर के वाक्य को पढ़ो और बताओ कि-
(क) सराय और घर में क्या अंतर होता है? आपस में इस पर चर्चा करो।
(ख) पिताजी को अपना घर सराय क्यों लगता है?

Answer.
(क) सराय और घर मे बहुत अंतर होता है जैसे कि सराय बाहर से आने वाले हर आदमी के लिए होता है, बिना पैसे दिए वह रह सकते है। घर इससे अलग किसी विशेष लोगों का होता है जिसमे सिर्फ उन्हीं हक़ रहता है। सराय में पूरी तरह से स्वायत्तता रहती है और घर मे सब कुछ घर वालों के हिसाब से होता या किया जाता है।
(ख) पिता जी को अपना घर सराय इसलिए लगता है क्योंकि बिना घरवालो की मर्ज़ी के यहाँ कोई भी चला आता है। कोई भी कीड़ा, जानवर या पक्षी आ जाता है। बिना उनके अनुमति के रहता है गंदा करता है और चला जाता है। यह बात उन्हें पसंद नही।

Page : 13 , Block Name : सराय

Q9 गोरैयों की चर्चा
मान लो कि तुम लेखक के घर की गौरैया हो। अब अपने साथी गोरैया को बताओ कि तुम्हारे साथ इस घर में क्या-क्या हुआ?

Answer. बच्चे स्वयं करे।

Page : 14 , Block Name : गोरैयों की चर्चा

Q10 कैसे लगे
तुम्हें इस कहानी में कौन सबसे अधिक पसंद आया? तुम्हें उसकी कौन-सी बात सबसे अधिक अच्छी लगी।

Answer. मुझे इस घर मे सबसे ज्यादा पसंद माँ आयी, क्योंकि उनकी बातों में हर बार तर्क उर संवेदना का भाव था। वो हर बात में संवेदनशील और तार्किक होकर बात कर रही थी। जिससे मुझे उनके प्रति आकर्षण ज्यादा हुआ।

Page : 14 , Block Name : कैसे लगे

Q11 माँ की बात
नीचे माँ द्वारा कही गई कुछ बातें लिखी हुई हैं। उन्हें पढ़ो।
"अब तो यह नहीं उड़ेंगे। पहले इन्हें उड़ा देते तो उड़ जाती।"
"एक दरवाज़ा खुला छोड़ो, बाकी दरवाज़े बंद कर दो। तब ही निकलेंगे।"
"देखो जी, चिड़ियों को मत निकालो। अब तो इन्होंने अंडे भी दे दिए होंगे। अब यह यहाँ से नहीं जाएंगी।"
अब बताओ कि-
(क) क्या माँ सचमुच चिड़ियों को घर से निकालना चाहती थी?
(ख) माँ बार बार क्यों कह रही थी कि यह चिड़िया नहीं जाएंगी।

Answer.
(क) नही, माँ चिड़ियों को घर से बाहर नही निकालना चाहती थी पर वो यह भी चाहती थी कि उनकी वजह से घर वालों को परेशानी न हो।
(ख) माँ बार बार इसलिए ऐसा कह रही थी क्योंकि वह चाह रही थी कि चिड़ियों को घर से न भगाया जाए। उन्हें उन पर दया आ रही थी।

Page : 14 , Block Name : माँ की बात

Q12 कहानी की चर्चा
(क) तुम्हारे विचार से इस कहानी को कौन सुना रहा है? तुम्हें यह किन बातों से पता चला ?
(ख) लेखक ने यह अनुमान कैसे लगाया कि एक चूहा बूढ़ा है और उसको सर्दी लगती है?

Answer.
(क) मेरे विचार से लेखक अपने बचपन की कहानी सुना रहा है। लेखक के परिवार में भी तीन ही लोग थे और दिल्ली से उनका अच्छा नाता था। और ऐसी स्थिति लगभग हर किसी के घर मे थी उस वक़्त। इन्ही सब बातों से अनुमान लगाया जा सकता है कि यह कहानी लेखक की बचपन की कहानी है जो उसके घर मे घटित हुआ होगा।
(ख) लेखक ने यह अनुमान ऐसे लगाया कि वह चूहा अँगीठी के पास बैठा खुद को सेक रहा था। वह अक्सर वही बैठता था, शायद उसे सर्दी लगती होगी। इन्ही बातों से पता चलता है कि वह बूढ़ा था।

Page : 14 , Block Name : कहानी की चर्चा

Q13 शब्द की समझ
चुक- चूक
(क) अब उनकी सहनशीलता चुक गयी।
(ख) उनका निशाना चूक गया।
अब तुम भी इन शब्दों को समझो और उन से वाक्य बनाओ।
1. सुख - सूख
2. धुल - धूल
3. सुना - सूना

Answer.
1. सुख- मुझे प्रकृति को देख सुख मिलता है।
सूख- यह पेड़ बरसों पुराना है अब सूख गया है।
2. धुल- मेरी गाड़ी धुल गयी है।
धूल- मेरी तस्वीर पे धूल पड़ी है।
3. सुना- उसने मेरा गाना नही सुना था।
सूना- उसके बिना घर कितना सूना लगता है।

Page : 15 , Block Name : शब्द की समझ